# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है लोंगो में जोश है: सीएम

रोड शो

## सीएम ने पुरोला से पार्टी प्रत्याशी दुर्गेश्वर लाल के पक्ष में किया रोड शो

संवाददाता

पुरोला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा पुरोला से पार्टी प्रत्याशी दुर्गेश्वर लाल के पक्ष में नगर में रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व पर्वतीय विकास मंत्री स्व.बरफिया लाल जुवांठा के स्मारक पर पहुंच कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर स्व. जुवांठा को याद किया। उन्होने कांग्रेस पर जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी विकास की पक्षधर नही रही है। उन्होने कहा कि विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केवल भाजपा ही कर सकती है। इस अवसर पर दो बार ब्लाक प्रमुख एवं एक बार नगर पंचायत अध्यक्ष रहे कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्यारे लाल हिमानी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।



मंगलवार को पार्टी प्रत्याशी दुर्गेश्वर लाल के पक्ष में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां नगर में रोड शो किया। रोड शो के दौरान उन्होने पूर्व पर्वतीय विकास मंत्री स्व. बरफिया लाल जुवांठा के स्मारक पर पहुंच कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इसके बाद यहां एक होटल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने सोच समझकर पुरोला से एक अंतिम छोर के गरीब किसान के बेटे को पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है लोंगो में जोश है ।

राज्य में भाजपा की सरकार बन रही है। राज्य के लोंगो को पता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही देश एवं प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में आंगनबाड़ी आशा,उपनल,पीआरडी जवानो का मानदेय बढ़ाया है। वृद्धा,दिव्यांग, विधवा पेंशन में बढोत्तरी की है। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना में सब्सिडी बढ़ाने का काम किया है जिससे आज दूरस्थ क्षेत्रो होम स्टे को बढ़ावा मिला है। उन्होने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फौजि भाईयों के लिए वन रैंक,वन पेंशन, आयुष्मान भारत योजना लागू की गई। कोरोनाकाल में मुफ्त वैक्सीन लगाने का कार्य किया गया लेकिन कांग्रेस ने इसका भी दुष्प्रचार किया कि इससे बीमार हो रहे है किडनी खराब हो रही है। उन्होने कहा कि राज्य में गैस सस्ती करने वाली कांग्रेस पार्टी की राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ आदि राज्यो में सरकार है लेकिन वहां गैस सस्ती क्यो नही की गई।

गंगोत्री धाम तक रेलवे लाईन बिछाने के लिये डीपीआर तैयार कि गई है। उन्होने पार्टी प्रत्याशी दुर्गेश्वर लाल को भारी मतो से विजयी बनाने की क्षेत्र की जनता से अपिल की।

## न्यूज डायरी :

### उत्तराखंड में कोरोना से हुई 18 मौत, 18 सौ से ज्यादा मामले आए सामने

**संवाददाता**देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना की रफ्तार घट रही है, लेकिन मौत के मामले भी बढ़ रहे हैं। मंगलवार को को प्रदेश में कोरोना से 18 मरीजों की मौत हो गई। वहीं, कोरोना के 1840 नए मामले सामने आए हैं। इधर, 4383 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, देहरादून में सबसे अधिक 595 लोग संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा हरिद्वार में 229, नैनीताल में 210, ऊधमसिंह नगर में 93, पौड़ी में 58, टिहरी में 42, उत्तरकाशी में 47, पिथौरागढ़ में 98, रुद्रप्रयाग में 101, चंपावत में 40, अल्मोड़ा में 183, चमोली में 77 व बागेश्वर में 67 लोग संक्रमित मिले हैं। इधर, विभिन्न जिलों से 26 हजार 009 सैंपल कोरोना जांच को भेजे गए हैं। उत्त्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामले धीरे धीरे नीचे आ रहे हैं। राज्य में अब कोरोना के सक्रिय मामले 26814 हैं। देहरादून में सबसे अधिक 13758 सक्रिय मामले हैं।

### चुनाव प्रचार अभियान से प्रत्येक मतदाता तक पहुँचने की कोशिश की जाएगी: जोशी

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा ने आज उत्तराखंड की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में औपचारिक चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। पार्टी की ओर से आधिकारिक जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि गढ़वाल की विकासनगर विधानसभा में हिमाचल सीएम जयराम ठाकुर और कुमायूं की हल्द्वानी विधानसभा में हरियाणा सीएम मनोहर लाल खट्टर के अतिरिक्त धर्मपुर विधानसभा में पार्टी प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी के साथ साथ अन्य सभी विधानसभाओं में जनसभा और डोर टु डोर कैम्पेन चलाया गया। इस मौके पर उन्होंने केंद्रीय बजट में उत्तराखंड से संबन्धित प्रावधानों के लिए मोदी जी और वित्त मंत्री को पार्टी की और से धन्यवाद दिया।

### डॉमिनोज पिज्जा ने भारत में 1500 रेस्टोरेंट्स की उपलब्धि हासिल की

**संवाददाता** देहरादून। भारत की सबसे बड़ी पिज्जार चेन डॉमिनोज पिज्जा ने आज द स्काई मार्क बिल्डिंग, नोएडा में अपने 1500 वें रेस्तरां का उद्घाटन किया। रेस्तरां का उद्घाटन श्याम एस भरतिया, चेयरमैन, हरि एस भरतिया, को–चेयरमैन और प्रतीक पोटा, सीईओ एवं होलटाइम डायरेक्टर, जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने किया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यह डॉमिनोज पिज्जा का 100 वां रेस्तरां है, जो शहर को ब्रांड के प्रमुख बाजारों में से एक बनाता है। लॉन्च पर श्याम एस. भरतिया, चेयरमैन और हरि एस. भरतिया, को–चेयरमैन, जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने कहा, "हम आज अपने 1500 वें रेस्तरां को लॉन्च करने के लिये बहुत खुश हैं, खासकर महामारी के इस कठिन समय में।

## आयातित ब्राह्मण संगठनों से सावधान रहे ब्राह्मण समाज: वशिष्ठ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के दस ब्राह्मण संगठनों के शीर्ष संयुक्त संगठन ब्राह्मण समाज महासंघ उत्तराखंड की आज यहां हुई बैठक में आयातित ब्राह्मण संगठन ब्राह्मण युवजन सभा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत जी से ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की मांग, करने की निंदा करते हुए कहा है कि ब्राह्मण महासंघ की राष्ट्रीय ब्राह्मण आयोग के गठन की मांग एक लंबे अरसे से की जा रही है।

देश अथवा राज्य स्तर पर ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की मांग अस्वीकार है। बैठक में ब्राह्मण युवजन सभा के उक्त बयान की भी पुरजोर निंदा की गई। जिसमें उक्त सभा के आशुतोष पांडे ने कहा है कि पहले ब्राह्मण भाजपा का वोट बैंक था लेकिन अब वह उत्तराखंड में कांग्रेस के लिए चुनाव में वोट करेगा।

महासंघ के मुख्य संयोजक पं. ओ.पी. वशिष्ट ने कहा है कि उक्त बाहरी आयातित संगठन की मांग पूर्णतया अव्यवहारिक व राज्य के 20 प्रतिशत से अधिक ब्राह्मणों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है।

महासंघ के उप मुख्य संयोजक एस.पी.पाठक ने कहा कि ब्राह्मण समाज महासंघ व उससे सम्बद्ध ब्राह्मण संगठन गैर राजनैतिक संगठन है। अरुण शर्मा महासचिव ने कहा कि उत्तराखंड में जब सरकार तीर्थ पुरोहितों वह पन्नों पर अन्याय करके नया बोर्ड बना रही थी तब यह सभा कहां थी? बैठक की अध्यक्षता मुख्य संयोजक पंडित ओपी.वशिष्ठ ने की तथा संचालन महामंत्री अरुण शर्मा ने किया। इस अवसर पर महासंघ के घटक संगठनों के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।



## मसूरी भाजपा युवा मोर्चा की कार्यकारिणी का विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। जिले की मसूरी विधानसभा सीट पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविंद्र रावत को मसूरी भाजपा युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया। साथ ही छात्र नेता राहुल कठैत को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा भी अनेक लोगों को विभिन्न पदों से नवाजा गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन पटवाल, महामंत्री कुशाल राणा, उपाध्यक्ष अभिलाष और मसूरी महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा पडियार द्वारा भाजपा युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी के सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी के सभी नए सदस्यों से भाजपा की रीति नीति को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर मसूरी भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित पंवार ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

## मैं क्षेत्र के विकास को संकल्पित हूं: सतपाल महाराज

**संवाददाता** देहरादून। चौबट्टाखाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज उनकी पत्नी पूर्व मंत्री अमृता रावत और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह बिष्ट ने मंगलवार को विकासखंड पोखडा के सेड़ियाखाल में भाजपा के थीम सॉंग 'किया है, करती है, करेगी सिर्फ भाजपा और पार्टी के चुनाव प्रचार का पोस्टर जारी किया। चौबट्टाखाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज व उनकी पत्नी पूर्व मंत्री अमृता रावत ने मंगलवार को विकासखंड पोखडा के सेड़ियाखाल में भाजपा के थीम सॉंग 'किया है, करती है, करेगी

### भाजपा के थीम सॉंग 'किया है, करती है, करेगी सिर्फ भाजपा' और पार्टी का चुनाव पोस्टर जारी

सिर्फ भाजपा' और पार्टी के चुनाव प्रचार का पोस्टर जारी करने के साथ–साथ भाजपा के पक्ष में मतदान करने की जनता से अपील की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के चौबट्टाखाल से प्रत्याशी सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां राज्य को 18 हजार करोड़ की योजनाएं देकर डबल इंजन की महत्ता को बताया है, वहीं दूसरी ओर स्वयं उनके द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में सतपुली एवं स्यूंसी झील सहित करोड़ों रुपए की पंपिंग पेयजल योजना सहित अनेक विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह पूरी तरह संकल्पित हैं। श्री महाराज ने क्षेत्रीय जनता से अपील की कि वह 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में कमल के फूल का बटन दबाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। इस मौके पर पूर्व मंत्री अमृता रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने महाराज जी पर विश्वास करके एक बार पुन: उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया है।

उन्होंने कहा कि महाराज ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में अनेक विकास कार्य किए हैं। कोरोना काल के दौरान भी वह परिवार सहित लोगों की मदद करने में जुटे रहे जबकि ना तो कांग्रेस पार्टी और ना ही उसके प्रत्याशी कहीं दूर दूर तक दिखाई दिये।

## विनोद बछेती ने 250 से अधिक उत्तराखंडी सामाजिक संस्थाओं को किया एकजुट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देहरादून। उत्तराखंड एकता मंच के संयोजक विनोद बछेती ने नई दिल्ली स्थित 14 पंडित पन्त मार्ग में 250 से अधिक उत्तराखंडी सामाजिक संस्थाओं की बैठक का आयोजन किया। विनोद बछेती ने उत्तराखंड के लोगों से आग्रह किया कि उत्तराखंड में होने वाले आगामी विधानसभा में अपने प्रतिनिधि का सही चुनाव करें और भाजपा को वोट दें। उन्होंने आगामी 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने अपने गाँव और क्षेत्रों में जाकर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बहुत सारी योजनाएं अधर में हैं अगर इस बार राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं आई तो केदारनाथ धाम प्रोजेक्ट्स, ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट्स, रेल प्रोजेक्ट, एम्स ऋषिकेश, एम्स हल्द्वानी आदि मोदी सरकार द्वारा चल रहे परियोजनाओं पर काम तेजी से पूरा होगा, क्योंकि बगैर राज्य सरकार के सहयोग से किसी भी परियोजना का सफलतापूर्वक निर्वहन नहीं हो पाता है, इसलिए उत्तराखंड की जनता को तय करना है कि किसे वोट दें।